आज कोटा पहुंचेगी स्वस्थ भारत साइकिल यात्रा

Kota News - कोटा | आमजन को 'ईट राइट, ईट सेफ, हेल्थी एंड फोर्टिफाइड फूड' का संदेश देने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार...

Dainik Bhaskar

Jan 09, 2019, 05:25 AM IST

कोटा | आमजन को 'ईट राइट, ईट सेफ, हेल्थी एंड फोर्टिफाइड फूड' का संदेश देने के लिए भारत सरकार के स्वास्थ एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) के सहयोग से निकाली जा रही "स्वस्थ भारत यात्रा' बुधवार दोपहर में झालावाड़ से कोटा जिले में पहुंचेगी। कोटा में 3 दिन बाद यात्रा 11 जनवरी को सुबह बूंदी के लिए रवाना हो जाएगी। सीएमएचओ डॉ. आरके लवानिया ने बताया कि गत 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस पर शुरू हुई इस यात्रा में साइकिल सवार 'ईट राइट कम्यूनिटी चैंपियन' थीम पर आमजन को कम नमक, कम शक्कर व कम तेल खाकर स्वस्थ रहने का संदेश देंगे। इसे लेकर मंगलवार शाम एडीएम प्रशासन वासुदेव मालावत की अध्यक्षता में विभागों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई, जिसमें यात्रा कार्यक्रम पर चर्चा की गई।